Helpline No.:-(+91)-7597122440

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, मांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई-मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफोन : 0141-2950581-75

क्रमांक : प (114) जरारासंविवि / शैक्ष. /2023/6572   दिनांक : 22/12/23

स्पीड पोस्ट

प्राचार्य
मेवाड़ शिक्षण प्रशिक्षण (शिक्षाशास्त्री) महाविद्यालय,
हिरण मगरी, उदयपुर
Email : mewar_college@rediffmail.com

विषयः— महाविद्यालय में प्राचार्य, प्राध्यापक एवं प्रवक्ताओं के अनुमोदन बाबत्।
सन्दर्भः— आपका पत्रांक बा.भा.सो./मे.शि.म.उदय/पैनल/22–23/68 दिनांक 28.04.2023, विश्वविद्यालय का पत्रांक 2197—99 दिनांक 04.07.2023, आपका पत्रांक 174 दिनांक 07.08.2023, विश्वविद्यालय का पत्रांक प( )जरारासंविवि/शैक्ष./2023/3579 दिनांक 28.08.2023 एवं आपका पत्रांक 185 दिनांक 03.10.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक 2197—99 दिनांक 04.07.2023 द्वारा कुलपति महोदय के मनोनयन किये जाने के फलस्वरुप विषय विशेषज्ञों का पैनल प्रेषित कर विश्वविद्यालय की 72वीं कार्यपरिषद् के निर्णय की पालना में जारी कार्यालय आदेश 2032—36 दिनांक 24.06.2023 की प्रति संलग्न करते हुए तदनुसार साक्षात्कार करवाये जाने बाबत् निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम मे आप द्वारा साक्षात्कार कर रिक्त पदों पर चयन किया गया। कार्यालय आदेश 2032—36 दिनांक 24.06.2023 में स्पष्ट लिखा हुआ है कि "विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त शिक्षाशास्त्री महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ का चयन करवाये जाने हेतु विश्वविद्यालय गेस्ट हाऊस में ही चयन समिति की बैठक का आयोजन किया जावेगा।" आपके द्वारा दिनांक 23.07.2023 को साक्षात्कार महाविद्यालय में ही आयोजित कर विश्वविद्यालय के आदेश की अवहेलना की है।

उक्त प्रकरण में विश्विवद्यालय के आदेश की अवहेलना करने के संबंध में तीन दिवस में स्पष्ट कराने बाबत् लिखा गया था, जिसके क्रम में आप द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रत्युत्तर दिनांक 11.12.2023 को आयोजित सम्बद्धता समिति की बैठक में मान्य नहीं किया गया है। अतः सम्बद्धता समिति में किये गये निर्णयानुसार आप द्वारा सम्पन्न कराये गये साक्षात्कार निरस्त किये जाते है तथा आपको निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेशों की पालना करते हुए माननीय कुलपति महोदय द्वारा किये गये मनोनयन के फलस्वरुप साक्षात्कार सम्पन्न करवाकर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करावें, अन्यथा आपके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

21/12/23
कुलसचिव

क्रमांक : प (114) जरारासंविवि / शैक्ष. /2023/   दिनांक :

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—
1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर।
2. वेबसाईट प्रभारी, जरारासंविवि, जयपुर को अपलोड कराने हेतु।

कुलसचिव